पंजाब केसरी 08/04/2026

जी.एम.एन. कॉलेज में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम के दौरान जागरूक करते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 7 अप्रैल (बलराम): विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में यूथ रैड क्रॉस इकाई एवं जी.एम.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में शारीरिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य एवं आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष डा. रोहित दत्त ने अपने संदेश में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।

उन्होंने आगे कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने के साथ-साथ उन्हें अनुशासित एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज यूथ रैडक्रॉस इकाई के संयोजक डा. राकेश ने किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में युवा पीढ़ी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया की यूथ रैडक्रॉस समय.समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। कार्यक्रम में डा. पुनीत तथा कॉलेज के जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक राजिंदर मीरवाल की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।